दैनिक

# क्यूँ न लिखूँ सच

प्रातः कालीन

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO.- 05086/21

वर्ष :- 02 अंक :- 174 मुरादाबाद 19 October 2022 (Wednesday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## पीएम मोदी बोले, यह समय भारत और इंटरपोल दोनों के लिए महत्वपूर्ण



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 90वीं इंटरपोल महासभा को संबोधित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह समय भारत और इंटरपोल दोनों के लिए महत्वपूर्ण है। भारत 2022 में आजादी के 75 साल मना रहा है। यह हमारी संस्कृति, लोगों और उपलब्धियों का उत्सव है।बैठक में 195 इंटरपोल सदस्य देशों के प्रतिनिधिमंडल शामिल हैं। इसमें मंत्री, देशों के पुलिस प्रमुख, राष्ट्रीय केंद्रीय ब्यूरो के प्रमुख और वरिष्ठ पुलिस अधिकारी शामिल हैं। इंटरपोल महासभा की बैठक में पाकिस्तान का प्रतिनिधित्व करने के लिए 2 प्रतिनिधिमंडल भी आए हैं। इसमें पाकिस्तान समेत 195 इंटरपोल सदस्य देशों के प्रतिनिधिमंडल हिस्सा ले रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि यह दुनिया को एक बेहतर जगह बनाने के लिए सार्वभौमिक सहयोग का आह्वान है। भारत संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना अभियानों में शीर्ष योगदानकर्ताओं में से एक है। पीएम मोदी ने कहा कि इंटरपोल भी एक ऐतिहासिक मील के पत्थर के करीब पहुंच रहा है। 2023 में इंटरपोल अपनी स्थापना के 100 साल पूरे होने का जश्न मनाएगा। दिल्ली के प्रगति मैदान में यह कार्यक्रम हो रहा है। इंटरपोल की 90वीं महासभा 18 से 21 अक्टूबर तक होगी। आज से शुरू हो रहे इस महासभा में इंटरपोल के अध्यक्ष अहमद नासर अल रायसी, महासचिव जुर्गन स्टॉक और केंद्रीय जांच ब्यूरो के निदेशक भी मौजूद हैं। भारत में 25 साल के बाद हो रही यह बैठक महासभा इंटरपोल एक सर्वोच्च सरकारी निकाय है। इसके कामकाज से संबंधित महत्वपूर्ण निर्णय लेने के लिए साल में एक बार बैठक आयोजित होती है। भारत में लगभग 25 सालों के अंतराल के बाद इंटरपोल महासभा की बैठक हो रही है। यह आखिरी बार भारत में 1997 में आयोजित किया गया था।भारत के 2022 में स्वतंत्रता के 75 साल के उत्सव के अवसर पर इंटरपोल महासभा की मेजबानी करने के प्रस्ताव को महासभा ने भारी बहुमत के साथ स्वीकार कर लिया था। यह आयोजन पूरी दुनिया को भारत की कानून और व्यवस्था प्रणाली में सर्वोत्तम प्रथाओं को प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करता है।इंटरपोल की प्रमुख भूमिका दुनियाभर की पुलिस एजेंसियों को दुनिया को एक सुरक्षित जगह बनाने के लिए मिलकर काम करने में मदद करना है। ऐसा करने के लिए संगठन एजेंसियों को अपराधों और अपराधियों पर डेटा साझा करने और एक्सेस करने में सक्षम बनाता है। कई प्रकार की तकनीकी और परिचालन सहायता प्रदान करता है। इंटरपोल के महासचिव जुर्गन स्टॉक ने कहा कि बैठक का उद्देश्य सदस्य देशों को कई प्रकार की विशेषज्ञता और सेवाएं प्रदान करता है।सीबीआई के विशेष निदेशक प्रवीण सिन्हा ने कहा कि हाल के दिनों में इंटरपोल की मदद से बच्चों के यौन शोषण, साइबर धोखाधड़ी और नशीले पदार्थों के संबंध में कई वैश्विक अभियान चलाए गए। सिन्हा ने कहा कि सीबीआई ने इंटरपोल के साथ कुछ सफल ऑपरेशन किए हैं। इनमें ऑपरेशन मेघदूत, ऑपरेशन चक्र और ऑपरेशन गार्ड शामिल हैं। हीरा व्यापारी नीरव मोदी को भी इंटरपोल के अनुरोध पर यूके पुलिस ने गिरफ्तार किया था।

## असलियत में बलात्कारियों का साथ, बिलकिस बानो केस पर राहुल का पीएम मोदी पर हमला



2002 गुजरात दंगों के दौरान बिलकिस बानो के बलात्कार केस में दोषियों की रिहाई पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सीधे प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला बोला है। उन्होंने ट्वीट करते हुए लिखा, लाल किले से महिला सम्मान की बात लेकिन असलियत में बलात्कारियों का साथ। दरअसल, सोमवार को गुजरात सरकार ने कोर्ट में दलील दी थी कि उन्होंने दोषियों की रिहाई केंद्र सरकार के कहने पर की। 15 अगस्त के दिन रेपिस्टों की रिहाई हुई थी। जेल के बाहर उन्हें मिठाई खिलाकर और माला पहनाकर स्वागत किया गया था। मंगलवार को ट्विटर में पीएम नरेंद्र मोदी पर राहुल गांधी ने एक बार फिर हमला बोला। इन दिनों भारत जोड़ो यात्रा में व्यस्त राहुल गांधी ने लिखा, लाल किले से महिला सम्मान की बात लेकिन असलियत में बलात्कारियों का साथ। प्रधानमंत्री के वादे और इरादे में अंतर साफ है, PM ने महिलाओं के साथ सिर्फ छल किया है।

### पीएम मोदी ने की थी महिला सशक्तीकरण की बात

पीएम मोदी ने 15 अगस्त को अपने संबोधन में महिला सशक्तिकरण का आह्वान किया था। यही वह दिन था जब गुजरात दंगों के दौरान बिलकिस बानो से बलात्कार के 11 दोषियों, जिन्हें आजीवन कारावास की सजा मिली थी, को लगभग 15 साल की सजा के बाद समय से पहले रिहा कर दिया गया था। गुजरात सरकार ने अच्छे व्यवहार का हवाला देते हुए यह फैसला लिया था। जिसके बाद जेल से रिहाई होते ही दोषियों के रिश्तेदारों और कुछ हिंदू दक्षिणपंथी संगठनों द्वारा माला और मिठाई के साथ उनका स्वागत किया गया।

## देवरिया में बोले योगी- बड़े-बड़े धुरंधर को जनता ने धूल चटाया, कानून तोड़ने वालों का जीना हराम कर देंगे



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को अपने गृह जिले गोरखपुर और पड़ोसी जिले देवरिया के दौरे पर थे। उन्होंने जनता को करोड़ों की सौगात दी। विधानसभा चुनाव में मिली भारी जीत के लिए जनता को बधाई दी और विपक्षी दलों पर जमकर निशाना साधा। कानून व्यवस्था को लेकर कहा कि किसी ने खिलवाड़ किया तो जीना हराम कर देंगे। देवरिया में सीएम योगी ने कहा कि छह महीने पहले जब विधानसभा चुनाव हुए थे सभी की नजर गोरखपुर मंडल पर थीं। लोग जानते थे कि मुख्यमंत्री का गृह मंडल है। बड़े बड़े धुरंधर लोग आए थे लेकिन जनता ने उन्हें धूल चटा दिया। मंडल की 28 में से 27 सीटें भाजपा की झोली में डाल दी। लोगों ने विकास और राष्ट्रवाद के मुद्दे और पीएम मोदी की नीतियों पर वोट दिया। देवरिया की सात में से सात सीटें, कुशीनगर की सात में से सात सीटें, गोरखपुर की नौ में से नौ सीटें और महाराजगंज की पांच में से चार सीटें भाजपा को दीं।

कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों का जीना कर देंगे हराम - योगी ने कहा कि पिछले साढ़े पांच साल में उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था सुदृढ़ हुई है और इसका लाभ विकास के रूप में मिला है। तहत हर जिले में खुलने हैं विश्वविद्यालय - योगी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) की चर्चा करते हुए कहा कि इसके तहत हर जिले में विश्वविद्यालय बनने हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में सभी प्रकार के पाठ्यक्रमों को एक साथ आगे बढ़ाने का प्रावधान किया गया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति से युवाओं को स्किल डेवलपमेंट, खाद्यान्न उत्पादन व पशुपालन के क्षेत्र में भी आगे बढ़ने को अनेक अवसर मिलेंगे। साकार हो रही एक जिला, एक मेडिकल कॉलेज की परिकल्पना - मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन के दौरान देवरहा बाबा का भी स्मरण किया जिनके नाम पर देवरिया का मेडिकल कालेज है। उन्होंने कहा कि यह मेडिकल कॉलेज अपने निर्माण के अंतिम चरणों में है और शीघ्र ही यहां चिकित्सा क्षेत्र की विशेषज्ञ सेवाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से उत्तर प्रदेश में एक जिला, एक मेडिकल कॉलेज की परिकल्पना साकार हो रही है। आजादी के बाद 2017 तक 70 वर्षों में उत्तर प्रदेश में सिर्फ 12 मेडिकल कॉलेज थे। जबकि विगत 5 वर्षों में ही सरकार ने 35 नए राजकीय मेडिकल कॉलेज बनाए हैं। अगले दो-तीन वर्षों में प्रदेश के सभी 75 जिलों में एक-एक मेडिकल कॉलेज होंगे।

# 2024 के लोकसभा के चुनावों में विरोधी दलों के नेताओं को विपक्ष में बैठने का भी अधिकार जनता नहीं दे रही है- राकेश कुमार सिंह

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ- भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह कहां है कि सन 2024 के लोकसभा के चुनावों में भाजपा पिछले चुनावों से अधिक मतों से लोकसभा का चुनाव जीतेगी पूर्ण बहुमत की सरकार सन 2024 में बनेगी मोदी जी की लोकप्रियता योगी जी की लोकप्रियता से चुनाव जीता जाएगा सन 2000 24 मई भाजपा पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने जा रही है भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहा है कि सन 2024 के लोकसभा के चुनावों में उत्तर प्रदेश में सौ परसेंट लोकसभा का चुनाव जीतेंगे सभी सीटों पर चुनाव जीतेंगे उन्होंने यह भी कहा है कि भाजपा के बढ़ते हुए जनाधार को देखकर विरोधी दलों के नेताओं के पसीने छूट रहे हैं भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह यह भी कहा है कि पिछली बार कितनी सीटों से चुनाव जीते थे अबकी बार उससे अच्छी सीटों पर चुनाव जीतेंगे पूरे प्रदेश के कार्यकर्ताओं ने पिछली बार से अधिक सीटों से सन 2024 में लोकसभा का चुनाव जिताने का मन बना लिया है भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह साफ संकेत दिया है विरोधी दलों के नेताओं को एवं विरोधी दलों के नेताओं को विपक्ष में ना बैठाने का जनता ने मन बना लिया अबकी बार विरोधी दलों को विपक्ष में भी बैठने का जनता मौका नहीं दे रही है

# काशी आईकॉन अवार्ड से सम्मानित हुई महिलाओं ने दी अपनी प्रतिक्रिया



तौफीक खान
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

वाराणसी-सामाजिक संस्था का मुख्य रूप से यह कार्यक्रम सेनेटरी पैड जागरूकता के उद्देश्य को लेकर दूसरे राज्यों से आए समाजसेवी का सम्मान Kashi Icon Award एवं राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।भारत के कई राज्यों में जागरूकता अभियान को आगे बढ़ाने के माध्यम से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। संस्था की अध्यक्ष कोमल गुप्ता ने बताया कि वह नारी सशक्तीकरण की इस मुहिम को आगे ले जाते हुए हम महिलाओं को रोजगार से जोड़ना उन्हें शिक्षा देना सेनेटरी नैपकिन अवेयरनेस हम को प्रतिदिन करते रहेंगे, जिससे हम समाज को महिलाओं को हेल्थी समाज दे सके, कार्यक्रम का संचालन संस्था के फाउंडर कोमल गुप्ता द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री रविंद्र जायसवाल राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार स्टांप न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन विभाग उत्तर प्रदेश, विशिष्ट अतिथि रमेश जायसवाल जी विधायक पीडीडीयू नगर, सारस्वत अतिथि सपना सिंह जिला पंचायत अध्यक्ष गाजीपुर, आकाश सिंह सन्नी युवा नेता, केशव जालान जी उद्यमी एवं समाजसेवी शिवदत्त द्विवेदी, वीवंडर फाउंडेशन के अध्यक्ष गोपाल कुमार और के 30 से अधिक सामाजिक संस्थाएं और 7 डेज फाउंडेशन के सदस्य संस्कार गुप्ता, पूजा, रेखा, मनोज, सुमित, कन्हैया, आदि लोग मौजूद थे।

# नेशनल हाइवे पर देर रात कंटेनर व कैंटर में भिड़ंत, एक की मौत पांच गंभीर

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ- अलीगढ़ के अकराबाद थानाक्षेत्र में सेहैर बंबा के निकट देर रात एटा की ओर से चावल लादकर अलीगढ़ आ रहे कंटेनर की सामने से आ रही कैंटर से भिड़ंत हो गयी। हादसे में कैंटर चालक की मौके पर ही मौत हो गयी । अलीगढ़- अकराबाद थाना क्षेत्र में नेशनल हाइवे पर सेहैर बंबा के निकट देरात एटा की ओर से चावल लादकर अलीगढ़ की ओर जा रहे कंटेनर व अलीगढ़ की ओर से एटा की ओर जा रही आयशर कैंटर के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में कैंटर चालक की मौके पर ही मौत हो गई है जबकि गाड़ी में बैठे पांच अन्य लोग गंभीर रुप से घायल हो गये। हादसे की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने सभी को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। हादसे में कैंटर चालक की मौत-जनपद एटा के थाना मिरहची के गांव अचलपुर निवासी सलीम पुत्र गफूर के बेटे इमरान की आगामी 21 अक्टूबर को शादी है, जिसका दान दहेज का सामान आयशर कैंटर में भरकर अपने दूसरे घर जमालपुर अलीगढ लेकर आये थे। जहां से देरात वापस गांव जा रहे थे। उनकी गाड़ी जैसे ही देरात समय करीब 12 बजे सेहैर बंबा के निकट पहुंची तभी सामने से चावल लादकर आ रहे बंद बाडी कंटेनर से जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में कैंटर चालक अशोक पुत्र सोलन सिंह निवासी गांव सियापुर कासगंज की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। ये लोग हुए घायल-कैंटर में बैठे सलीम, इमरान, इरफान, जुबैर, गब्बर, गंभीर रुप से घायल हो गये। हादसे की सूचना पर पनेठी चौकी इंचार्ज सुभाष मलिक फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गये। पुलिस ने सभी घायलों को उपचार के लिए जेएन मेडिकल कालेज अलीगढ़ भेजा है। पुलिस ने मरने वाले कैंटर चालक के शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चुरी भेजा

# सुंदरपुर चौकी के पुलिसकर्मियों का मानवीय चेहरा

तौफीक खान
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



वाराणसी- चितईपुर थाना क्षेत्र के सुंदरपुर चौकी के पुलिसकर्मियों का मानवीय चेहरा गुरुवार की सुबह से चर्चा का विषय बना हुआ है। दरअसल, बुधवार की देर रात प्रसव पीड़ा से सड़क के किनारे तड़प रही महिला का सफलतापूर्वक प्रसव सुंदरपुर चौकी के पुलिसकर्मियों की टीम ने एक नर्स की सहायता से कराया। पुलिस के इस प्रयास की जनता सुबह से सराहना कर रही है। चितईपुर की रहने वाली महिला नेहा खान को प्रसव पीड़ा होने पर उनके पति शमशेर खान ऑटो रिक्शा से लेकर उन्हें अस्पताल जा रहे थे। इसी दौरान सुंदरपुर चौकी के सामने पहुंचते ही प्रसूता की प्रसव पीड़ा काफी बढ़ गई और ऑटो रुकवाकर सड़क के किनारे लेटकर तड़पने लगी। तभी चौकी के हेड कांस्टेबल अनिल सिंह और अमित मिश्रा की नजर पड़ी तो उन्होंने तत्काल मामले को समझते ही चौकी प्रभारी को सूचना दिया और चादर लेकर दौड़ पड़े और पास से गुजर रही एपेक्स अस्पताल की नर्स सबिता बिंद को रोककर मदद मांगी। इसी दौरान चौकी प्रभारी ईश्वर दयाल दुबे भी पहुंच गए और पास के नर्सिंग होम से एक नर्स को भी बुला लिया। सिपाहियों ने इस दौरान चारों तरफ से चादर लगाया और महिला नर्स के प्रयास से कुछ ही समय में बच्चे की किलकारी गूंजने लगी। जिसके बाद वहां मौजूद लोगों ने राहत की सांस ली। महिला की हालत देख चालक ऑटो सहित फरार हो गया लेकिन इसी बीच चौकी प्रभारी ने 108 नंबर पर फोन करके एंबुलेंस बुला लिया। प्रसव के तत्काल बाद एंबुलेंस से महिला को काशी विद्यापीठ ब्लॉक के स्वास्थ्य केंद्र पर भेजा जहां उनका समुचित इलाज हुआ। डाक?टरों के अनुसार फ?लहाल जच?चा और बच?चा दोनों ही स्वस्थ हैं।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल



विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

खुटार शाहजहांपुर-नगर के मोहल्ला कोट निवासी रामनिवास पुत्र रुपराम , पिंटू अवस्थी पुत्र गोकरन सोमवार शाम किसी कार्य के लिए गोला रोड हाइवे पर बाइक से जा रहें थे, तभी अचानक किसी अज्ञात वाहन ने बाइक सवारों के जोरदार टक्कर मार दी, राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से घायलों को खुटार के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर डाक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

# खुटार के गौरव को केरल के राज्यपाल ने किया सम्मानित



विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

खुटार शाहजहांपुर- हिंदी प्रचारिणी समिति कानपुर एवं भारतीय बाल कल्याण संस्थान कानपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सम्मान समारोह में खुटार के गौरव बाल साहित्य कार डॉ नागेश पांडेय संजय को केरल के राज्यपाल श्रीआरिफ मोहम्मद खान ने बाल साहित्य के क्षेत्र में अवदान हेतु प्रशस्ति पत्र,प्रतीक चिन्ह, अंगवस्त्र और सम्मान राशि देकर सम्मानित किया, उन्होंने उनकी नई पुस्तक नटखट बाल कहानियां का विमोचन भी किया, यह पुस्तक दिल्ली के अनुराग प्रकाशन से प्रकाशित हुई है, कानपुर के जवाहरलाल नेहरू युवा केन्द्र, नानाराव पार्क में आयोजित इस अखिल भारतीय सर्वभाषा साहित्यकार सम्मेलन की अध्यक्षता भूधर नारायण मिश्र ने की, इस अवसर पर डा. सुरेश अवस्थी, चक्रधर शुक्ल, अजीत सिंह राठौर, प्रो. राकेश शुक्ल, इत्यादि कई विद्वानों उपस्थित रहें।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

# यूसुफ खान मिंटो ने 205 वी सर सैयद अहमद खान साहब की जन्मदिन पर एक प्रतियोगिता की

मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद-आज मोहम्मद युसूफ खान मिंटो ने 205 वी सर सैयद अहमद खान साहब की जन्मदिन पर एक प्रतियोगिता रहा जिस में काफ़ी बच्चों ने सर सैयद अहमद खान साहब की तस्वीर बनाई और कुछ बच्चों ने सर सैयद अहमद खान साहब के के बारे में लिखा मोहम्मद युसूफ खान मिंटो ने बताया हम ने हर एक एक बच्चों को स्टेशनरी का सामान के साथ हर एक एक बच्चों को सर सैयद अहमद खाब साहब की एक किताब भी दी मोहम्मद यूसुफ खान मिंटो ने बताया हम से सुबह में सर सैयद अहमद खान साहब के नाम एक कुरान खवानी भी करवाये और साथ में दुआ भी की मोहम्मद युसूफ खान मिंटो ने बताया हम सभी बच्चों के लिए खाने का भी इंतेज़ाम भी किया है और बता हम ने खाने के पैकेट 300 से ज्यादा बन गए हैं अल्हम्दुलिल्लाह और हमारा खाना एएमयू जे.एन. मेडिकल हॉस्पिटल में मरीजों को दिया जाएगा मोहम्मद यूसुफ मिंटो, संजीदा हसन मैडम, जीशान मिंटोरियन और सैयद हाशिम अली ने सब बच्चों को सर सैयद अहमद खान साहब के बारे में बताया सर सैयद अहमद ख़ान ( उर्दू??, 17 अक्टूबर 1817 – 27 मार्च 1898 ) हिन्दुस्तानी शिक्षक और जिन्होंने भारत के सब लोग के लिए आधुनिक शिक्षा की शुरुआत की। इन्होंने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय की स्थापना की

# ऑटम फेयर में साढ़े तीन हजार करोड़ का कारोबार



मुरादाबाद। इस बार का ऑटम फेयर हस्तशिल्प निर्यात के कारोबार का सशक्त प्लेटफार्म साबित हो गया। एक्सपो मार्ट, ग्रेटर नोएडा पर आयोजित ऑटम फेयर 2022 से निर्यातकों को साढ़े तीन हजार करोड़ का कारोबार मिला। हस्तशिल्प निर्यात संवर्द्धन परिषद की ओर से ऑटम फेयर के समापन पर इसमें साढ़े तीन हजार करोड़ रुपए की व्यापारिक पूछताछ होने की पुष्टि की गई। पांच दिवसीय मेगा ऑटम फेयर में मुरादाबाद समेत देशभर के हस्तशिल्प निर्यातक जिन उम्मीदों के साथ शिरकत करने पहुंचे थे उनके काफी हद तक पूरा होने की खुशी समापन दिवस पर उनके चेहरे से झलकी। ऑटम मेले में एक्सपो मार्ट पर पहुंचे 98 देशों के सात हजार 690 खरीदार हस्तशिल्प कारोबार से जुड़े लोगों को कारोबार का दिवाली उपहार देकर गए। अंतर्राष्ट्रीय सोर्सिंग समुदाय की ओर से अपनी तरह के एक प्रमुख व्यापार मंच के रूप में विश्व स्तर पर लगातार सराहा जा रहा ऑटम फेयर अपने 54 वें संस्करण में सफलता के नए मुकाम स्थापित कर गया। राजकुमार मल्होत्रा, चेयरमैन, ईपीसीएच- ऑटम फेयर 2022 में हमारे प्रदर्शकों ने दुनिया भर के खरीदारों को जोड़ने व आकर्षित करने के लिए जो अद्वितीय व उत्कृष्ट प्रयास किए वह मजबूत व्यापारिक पूछताछ के रूप में फलीभूत हुए। राकेश कुमार, महानिदेशक, ईपीसीएच हस्तशिल्प के क्षेत्र से जुड़े अधिकांश कारीगरों व उद्यमियों के लिए आईएचजीएफ दिल्ली मेले में शिरकत करना और लंबी प्रोडक्ट रेंज के साथ दुनिया भर के खरीदारों से रूबरू होना एक बार फिर सुखद व फलदायी अनुभूति साबित हो गया।- अवधेश अग्रवाल, चेयरमैन, ऑटम फेयर कमेटी

# रुहेलखंड यूनिवर्सिटी का नया कारनामा, केजीके कालेज के तमाम छात्र सभी विषयों में कर दिया फेल




मुरादाबाद- केजीके कालेज का बीए प्रथम सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं के सामने अब नई परेशानी आ गई है। पहले परिणाम नहीं आने से छात्र-छात्राएं कालेज व विश्वविद्यालय में चक्कर काट रहे थे। अब परिणाम आया तो सैकड़ों छात्र-छात्राओं को सभी विषयों में फेल दिखाया है। किसी को गैर हाजिर व नाट क्लियर और परीक्षाफल इंकल्पलीट आनलाइन जारी हुए परिणाम में दिखाया गया है। जिससे छात्र मानसिक दबाव में आ गए हैं। बीए द्वितीय सेमेस्टर में प्रवेश की तिथि सोमवार को खत्म हो गई थी लेकिन, विश्वविद्यालय ने 18 व 19 अक्टूबर तक प्रवेश तिथि बढ़ाई है। मगर इतनी जल्दी इनकी समस्याओं का समाधान होने वाला नहीं हैं। चार विषयों में खुद को फेल दर्शाने पर छात्र-छात्राओं ने विश्वविद्यालय आरोप लगाए हैं। छात्र-छात्राओं ने परीक्षाएं भी दीं, प्रश्न पत्र अच्छे भी हुए, इसके बाद भी बीए प्रथम सेमेस्टर के छात्रों की परेशानी बढ़ा दी है। केजीके कालेज के बीए प्रथम सेमेस्टर का परिणाम डेढ़ महीने देरी से विश्वविद्यालय ने जारी किया है। जबकि बीएससी, बीकाम का परिणाम जारी हो चुका था। पहले परिणाम जारी न होने को लेकर प्रदर्शन किया और कुलपति को ज्ञापन भी भेजा। अब परिणाम जारी किया तो उसमें छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया गया है। छात्रों का आरोप है कि विश्वविद्यालय ने उनकी परीक्षा का डाटा में गड़बड़ी की है या कापियां मिस हुई हैं। जिससे पहले परिणाम जारी नहीं किया गया और अब जारी हुआ तो उसमें अपने हिसाब से छात्रों को अंक दिए हैं तो किसी का नाट क्लियर और इनकंपलीट दिखाया है। छात्र नेता कुशल शर्मा का कहना है कि विश्वविद्यालय छात्रों के भविष्य को खतरे में डाल रहा है। समस्या का समाधान नहीं हुआ तो मुख्यमंत्री व राज्यपाल को अवगत कराया जाएगा।

## क्या बोले छात्र

बीए प्रथम सेमेस्टर के छात्र बिट्टू कुमार ने कहा कि सभी प्रश्न पत्र अच्छे हुए हैं। लेकिन, मुझे अनुतीर्ण दिखाया गया है। विश्वविद्यालय ने परिणाम जारी करने में गड़बड़ी की है। बीए प्रथम सेमेस्टर के छात्र अभिषेक ने कहा कि मुझे तीन विषय में फेल और एक विषय में नाट क्लियर दिखाया है। प्राचार्य को इस समस्या को लेकर कुलपति से बात करनी चाहिए। बीए प्रथम सेमेस्टर के प्रथम कुमार ने बताया कि मुझे चारों विषयों में फेल कर दिया गया है। परिणाम देर से जारी होने का कारण समझ आ रहा है कि विश्वविद्यालय ने कापियां खो दी हैं।

## क्या बोले प्राचार्य

केजीके कालेज के प्राचार्य डा. सुनील चौधरी ने बताया कि छात्रों के परिणाम में इस तरह की गलती किस कारण हुई है,

यह विश्वविद्यालय ही बता सकता है। तमाम छात्रों से मुझे समस्या बताई है। उनकी इस समस्या को विश्वविद्यालय में अवगत कराया जाएगा।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख ,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।
संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
Title Code : UPBIL05086
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

संपादकीय Editorial

# Study in hindi

Under the new education policy, the country has also taken steps towards imparting professional education through Hindi medium. Till now medical science was taught only in English and its books used to be available in English only, but now three books of three subjects of medicine coming in Hindi is a pleasant and historical progress. Union Home Minister Amit Shah has unveiled Hindi text-books for MBBS students under the ambitious project of Madhya Pradesh government. In a first of its kind step, Hindi text-books for three subjects, Bio-chemistry, Anatomy and Medical Physiology, have been released as part of the National Education Policy 2020. He has also announced that engineering, polytechnic and law education will also be given in Hindi soon. Obviously, such an initiative in Hindi had to be carried out by the state of a Hindi-speaking region and Madhya Pradesh has won in this. The talk of imparting professional or vocational education in mother tongue or Hindi is old. The framers of the constitution thought that in the two decades after independence, Hindi would prosper and English would no longer be compulsory. But it is true, our governments did not take the risk of battling with language barriers and English naturally went on to become stronger. In Hindi field, even though medicine is done in mother tongue, but studies have been done in English only.

When doctor-patient communication in hospitals is in Hindi, then why should doctors' mutual consultation or medical work be done in English? If the treatment will also be in Hindi, then it will probably be convenient for most of the patients to understand. Right now it is not easy to even read and understand the hand written slips of many doctors.

However, one of the dangers of studying in Hindi is that you will not get a job abroad. Perhaps it is only under the government policy that the qualified professionals of the country should use their talent in the service of the country. By the way, if the dream is being made to stop brain drain by making language a medium, then there will not be much success in this. There may be other better ways to stop brain drain. If the work culture and salary and allowances are improved in the country, then there will be many youths or doctors, engineers who will return from abroad.

Well, we have lagged behind in providing professional education in Hindi language, but there is no need to feel sad or regret for this. India is a country of many languages ??and here Hindi cannot be imposed on any language, it will be against India's generosity. In countries that were small or countries that had dictatorships, complete education in the local language became possible. In fact, the entire emphasis in professional education should be on quality. If we start producing quality doctors, engineers, lawyers in each of our educational institutions, then we will be able to bring about the necessary change. We have to keep the quality in mind. At present, it is a matter of happiness that 10 Hindi speaking and non-Hindi speaking states have started translation of engineering course books into regional languages. Overall, there will and should be freedom of professional study in more than ten languages ??in India in the times to come.

# Ramayan's 'Sita' showed her such a bold avatar in front of the camera, the user said, 'It doesn't suit you all'

Actress Deepika Chikhaliya got a special recognition from house to house by playing the role of Sita in Ramanand Sagar's famous TV show 'Ramayana'. Even after years, the audience has the same reverence for Deepika. Along with acting, Deepika is also very active on social media. She often dominates the fans through her pictures and videos. Meanwhile, a video of him has surfaced, which remains in the discussion among the fans. The modern look of the actress in this video is surprising her fans a lot. Suddenly came in front of the camera in this look-Dipika Chikhlia has posted her latest video on Instagram. In this video, fans are getting to see his different avatar. In the video you can see that Deepika is seen first slamming her sandals into the ground in front of the camera, then suddenly her dress changes. During this, his look is looking quite modern. She has carried a short one piece dress of Bloor. At the same time, her hair is open and light makeup is adding to her beauty. At the same time, Deepika is seen walking wearing this dress and sometimes walking around. Such reactions are coming from the fans.This video of Deepika Chikhaliya is becoming increasingly viral on social media. Like always, the reactions of fans are coming on this video of him. Where many fans are falling for this look of the actress. At the same time, many users do not like this look of theirs. Commenting on this, a user wrote, 'Thank you Sita Mata ji... for early morning darshan.' One wrote, 'Oh my god...what a transformation.' One writes, 'It doesn't suit you at all.' Many more such comments are on this video of Deepika.



# Kangana Ranaut shared a picture in a transparent bralette, wrote – What a woman forgets to wear…

Whenever Kangana Ranaut posts any social media, headlines are definitely made. He is very clear about his choices. Kangana believes that every woman has the right to choose what she wears. He has shared his old pictures on Instagram Story. In these photos, he is wearing a transparent bralette and is braless. With the photo, he has written a powerful caption that no one should care what is worn and what is not. Kangana showed bold style - Kangana Ranaut is shooting for the film Emergency. Meanwhile, he has shared his old photos on Instagram Story. In the first photo, he is with Rajneesh Ghai. wished him a Have birthday. Rest of the pictures are single. The photos are from the time of Dhakad's party. In this, he is wearing a white net top. It is similar to the transparent bralette. With this, he has written, I want to emphasize the fact that what a woman wears and what she forgets to wear, it is completely her case... not yours. There is also a laughing emoji as well. Said - I can go to office now - with another photo she has written, I think I have made my point. Now I can go to the office, bye. Let us tell you that in the film Rajneesh Dhakad, Kangana was the director. Earlier, when Kangana shared these pictures, many people made negative comments calling them bold. At that time, Kangana replied to the trolls through a post. This time he kept his point even before the negative comments came. Talking about Indira Gandhi-Work Front to be made in emergency, Kangana's film Dhaakad could not perform anything special. Now she is preparing for her film Emergency. The movie stars Mahima Chaudhary, Anupam Kher and Shreyas Talpade. His looks have been revealed and are in discussion. Kangana is playing the role of Indira Gandhi in the film.



# आध्यात्म एंव मानवता का दिव्य संगम - 75वां वार्षिक निरंकारी संत समागम तैयारियाँ हर्षोल्लास के साथ

योगेश मुदगल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- विश्वभर के सभी भक्तों एवं प्रभु प्रेमियों के लिए वार्षिक निरंकारी संत समागम भक्ति, प्रेम एवं मिलवर्तन का एक ऐसा अनुपम स्वरूप है, जिसमें सभी भक्त सम्मिलित होकर आलौकिक आनंद की अनुभूति प्राप्त करते हैं। इसी दिव्यता की अविरल श्रृंखला को निरंतर जारी रखते हुए सत्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के पावन सान्निध्य में 75वां वार्षिक निरंकारी संत समागम दिनांक 16 से 20 नवम्बर को संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल समालखा, हरियाणा में आयोजित होने जा रहा है, जिसमें लाखों की संख्या में प्रभु प्रेमी भक्त सम्मिलित होकर सत्गुरु माता जी के पावन आशीष प्रवचनों को श्रवण करेंगे। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 75वें वार्षिक निरंकारी संत समागम में विभिन्न संस्कृतियों एवं सभ्यताओं का अनूठा संगम देखने को मिलेगा।वार्षिक निरंकारी संत समागम की प्रतीक्षा प्रत्येक निरंकारी भक्त को सदैव ही रहती है। हर वर्ष ही भक्तजनों को इन दिव्य संत समागमों में सम्मिलित होने की उत्सुकता बनी रहती है ताकि वह इन सेवाओं में अपना तुच्छ योगदान देकर भरपूर आनंद प्राप्त कर सके। इस वर्ष का संत समागम स्वयं में विशेष है क्योंकि पिछले दो वर्षो में केवल ऑनलाईन माध्यम द्वारा ही सभी भक्तों ने संत समागमों का आनंद प्राप्त किया। इस वर्ष सत्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज की पावन छत्रछाया में भक्तों को दिव्य संत समागम में प्रत्यक्ष रूप से सम्मिलित होने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। निसंदेह मिशन के इतिहास में यह समागम स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जायेगा क्योंकि यह 75वां वार्षिक निरंकारी संत समागम है जिसका आयोजन भव्य एंव विशाल रूप में किया जा रहा है। जैसा कि विदित ही है कि समागम परिसर एवं उसके आसपास के क्षेत्रों में सेवाएं आरम्भ हो चुकी है। दिल्ली एंव एन. सी. आर के अतिरिक्त, अन्य राज्यों से भी संतजन पहुँचकर इन सभी सेवाओं में अपना योगदान दे रहे हैं। फिर चाहे वह मैदानों की स्वच्छता हो, ट्रैक्टर की, राजमिस्त्री की, लंगर की सेवा हो अथवा किसी भी प्रकार की कोई अन्य सेवा ही क्यों न हो; सभी संत इन सेवाओं में सम्मिलित होकर हृदय से सत्गुरु का आभार प्रकट कर रहे हैं। यह दिव्य संत समागम है, जिसमें सभी वर्ग, जाति, धर्म के भक्त निस्वार्थ रूप से अपनी सेवाओं को निभाते हुए अपने जीवन को सफल बनाने का प्रयास कर रहे हैं। यह 75वां वार्षिक निरंकारी संत समागम 'रूहानियत और इंसानियत संग संग' विषय पर आधारित है जिसमें विश्वभर से वक्ता, गीतकार तथा कविजन अपने प्रेरक एंव भक्तिमय भावों को व्यक्त करेंगे। 'रूहानियत के एहसास एंव आधार में ही इंसानियत का भाव निहित है। वास्तविक रूप में जब हम समर्पित रूप में निराकार परमात्मा के साथ जुड़ते है तब हमारे अंदर स्वत: ही इंसानियत रूपी दिव्य गुण दृश्यमान होने लगते हैं और हृदय में फिर सभी के लिए केवल परोपकार एंव प्रेम की ही भावना उत्पन्न होती है। सत्गुरू माता जी का भी यही दिव्य संदेश है कि मानव जीवन में रूहानियत एवं इंसानियत का संग-संग होना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि इनके आगमन से ही वास्तविक रूप में जीवन सार्थक बनता है। यही इस दिव्य संत समागम का उद्देश्य भी है।

## शादी की सालगिरह वाले दिन पत्नी की मौत, हत्या का आरोप

लवकुश ठाकुर -दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ- कोतवाली क्षेत्र के गांव विधिरका में शादी की सालगिरह के दिन पत्नी की मौत हो गई मायके पक्ष ने ससुरालीजनों पर हत्या का आरोप लगाया है पुलिस ने घटना के संबंध में रिपोर्ट दर्ज की है थाना सासनी ( हाथरस ) के गांव मौहरिया निवासी अल्लानूर ने अपनी बेटी अफसाना ( 22 ) का निकाह 16 अक्टूबर 2021 को कोतवाली क्षेत्र के गांव विधिरका निवासी जहीर पुत्र भिखारी खा के साथ किया था शादी में करीब 10 लाख रुपए का खर्चा हुआ था इसके बाद भी बेटी के ससुरालीजन दहेज से संतुष्ट नहीं हुए पति काम करने के लिए 1 लाख रुपए की मांग करने लगा विगत 2 अक्टूबर को बेटी ने बेटे को जन्म दिया था पीड़िता का कहना है कि बेटी ने उसे बताया था कि ससुराल से उसे बुला लो नहीं तो यह लोग जान से मार देंगे रविवार की देर शाम सूचना मिली कि उसकी बेटी की मौत हो गई है जब वह गांव विधिरका पहुंचा तो बेटी का शव चारपाई पर पड़ा मिला पीड़िता के भाई का कहना है कि बहन की तबीयत खराब होने पर ससुरालीजनों ने उसका इलाज नहीं कराया था सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर मायके पक्ष को सौंप दिया है कोतवाली विजय सिंह ने बताया कि घटना के संबंध में पति जहीर,जेठ सलमान, आमिर हारून, इमरान के अलावा सास,ससुर व जेठानी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है जांच कर कार्यवाही की जाएगी

# 1 घंटे की मशक्कत के बाद बच्चे को उसके मां-बाप से मिला दिया



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-4 वर्षीय बच्चा जिसके पिता का नाम मोहम्मद अदनान निवासी सराय रेहमान थाना बन्नादेवी जनपद अलीगढ़ है जो अपने माता पिता के साथ अलीगढ़ से अयूब मटिया वाले बाबू गंज एटा के यहां शादी में शरीक होने के लिए आया था, लेकिन घर से अकेले रोड पर कहीं निकल गया । जीटी रोड पर त्यौहार के मद्देनजर राजकुमार सिंह सीओ सिटी एटा निरंतर भ्रमणसील थे तभी उक्त बच्चा रोता हुआ दिखाई दिया सीओ सिटी ने उस बच्चे को गोद में उठाकर उसके मां-बाप की तलाश कराई तथा विभिन्न माध्यमों से बच्चा के मां बाप के लिए खोजबीन कराई गई

लगभग 1 घंटे की मशक्कत के बाद बच्चे को उसके मां-बाप से मिला दिया गया इस पर मां-बाप ने तथा उसके नाना ने एटा पुलिस के लिए कोटि कोटि धन्यवाद किया

# तारीख करने आई बहिन,भाई की जमकर की पिटाई



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-एटा के जिलाधिकारी कार्यालय परिषर में तारीख करने आई बहिन,भाई की जमकर की पिटाई,पीड़िता ने स्छरू कोर्ट के बाहर पति श्यामबाबू और जिला पंचायत सदस्य बंटी, भागीरथ सहित कई लोगो पर पीड़िता और उसके भाई से मारपीट करने का लगाया आरोप, एसडीएम कोर्ट के सामने पीड़िता बहिन भाई को आरोपित पति श्यामबाबू और उसके साथी बंटी और भागीरथ पर पीटने का आरोप, घायल भाई हुआ बेहोश, 1 बर्ष पूर्व हुई थी पीड़िता की शादी,पीड़ित के अनुसार दहेज में दिया था 20 लाख रुपये, ससुरालीजन फिर दहेज की कर रहे थे मांग, मिरहची थाना क्षेत्र के गांव जारथर में श्यामबाबू से हुई थी शादी, महिला की दहेज की मांग को लेकर किया गया था उत्पीड़न, लगभग 4 माह से अपने मायके बागवाला थाना क्षेत्र के कुतुबपुर गाँव में रह रही थी पीड़िता युवती, पीड़ित युवती ने मारहरा विधायक वीरेंद्र लोधी के सामने आरोपियों द्वारा पिटाई करने के लगाए आरोप, थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के कलक्ट्रेट का मामला।

# निकाय चुनाव के लिए 270 बी एल ओ लगाए गए

योगेश मुदगल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-एटा, नगर निकाय चुनाव के लिए वोट घटाने-बढ़ाने का काम चल रहा है। इसके लिए 270 बीएलओ लगाए गए हैं। बीएलओ के अलावा चुनावों की तैयारियां कर रहे लोग भी इस कार्य में जुटे हुए हैं। निकाय के चुनावों की तारीखों का तो अभी कोई पता नहीं है, लेकिन इस समय हर गली में वोट को लेकर चर्चा है। घर-घर पहुंचकर बीएलओ मतदाता से संपर्क कर रहे हैं। जनपद की 11 नगर निकायों में इस कार्य के लिए 270 बीएलओ लगाए गए हैं। पुरानी मतदाता सूची को साथ लेकर चल रहे हैं। घरों पर पहुंचकर मतदाताओं के बारे में सूचना ले रहे हैं। इस समय घर में कितने वोटर हैं। कोई नया वोट तो नहीं बनना है। अगर कोई नया वोटर होता है तो उसे फार्म देकर वोटर भी बनाया जा रहा है। बीएलओ को यह कार्य 27 अक्तूबर तक पूरा कर लेने के निर्देश राज्य चुनाव आयोग की ओर से दिए गए हैं।

### राजनीतिक दल भी जुटे तैयारियों में

नगर निकाय चुनाव को लेकर राजनीतिक दल भी तैयारियों में जुट गए हैं। भाजपा ने सभी निकायों के प्रभारी तय कर दिए हैं। टिकट मांगने वालों की संख्या भी तेजी से बढ़ती जा रही है। सबसे अधिक दावेदार अभी भाजपा के पास हैं। सपा, बसपा, कांग्रेस भी इस बार मजबूत प्रत्याशी उतारने में जुटी हुई है।

### मिरहची में पहली बार होगा नगर पंचायत चुनाव

इस बार नगर पंचायत चुनाव में मिरहची का नाम बढ़ गया। यहां पर बार्ड बना दिए गए हैं। वार्डों में मतों का सर्वे किया जा रहा है। बार्ड में सर्वे का काम दो दिन में पूरा कर लिया जाएगा। इसके अलावा नगर पालिका मारहरा का सीमा विस्तार होने से वहां पर भी अलग से सर्वे हो रहा है।卐

*अन्य खबरों के लिए देखे*
WWW.KNLSIVE.COM

# पुलिस स्मृति दिवस 21 अक्टूबर को, 10वीं बटालियन सिलफिली में हुआ शहीद परेड़ का रिहर्सल


रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच





सूरजपुर- 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस पर होने वाली शहीद परेड का मंगलवार को पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री रामकृष्ण साहू ने 10वीं बटालियन सिलफिली पहुंचकर पूर्वाभ्यास परेड का जायजा लिया। कमांडेंट श्री सुजीत कुमार के मार्गदर्शन में पुलिस व छसबल के अधिकारी व जवानों ने पुलिस स्मृति दिवस परेड के पूर्वाभ्यास परेड़ कर रिहर्सल किया और शहीदों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। पुलिस स्मृति दिवस का आयोजन 10वीं वाहिनी छसबल सिलफिली ग्राउण्ड में होता है। शहीद परेड को लेकर पूर्वाभ्यास पिछले कई दिनों से चल रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरगुजा रेंज के पुलिस महानिरीक्षक होंगे। इस परेड में सूरजपुर सहित सरगुजा के पुलिस अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहेंगे। परेड़ के कमाण्डर कंपनी कमांडर राम बहादुर शर्मा व टूआईसी बीरसाय भगत होंगे। इस पूर्वाभ्यास में पुलिस अधीक्षक, कमांडेंट सहित बटालियन के अधिकांश अधिकारी मौजूद रहे। मुख्य आयोजन की तरह सारे कार्यक्रम समयानुसार हुआ। पुलिस अधीक्षक ने शहीद परेड की तैयारियों को लेकर अधिकारी व जवानों को लगन एवं निष्ठा से साथ कर्तव्यों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। इस दौरान डिप्टी कमांडेंट विजय कुजुर, असिस्टेंट कमांडेंट भुवनेश्वर पैकरा, एसडीओपी सूरजपुर प्रकाश सोनी, थाना प्रभारी जयनगर सुभाष कुजूर सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# पुलिस अधीक्षक सूरजपुर ने पुलिस जनदर्शन में आमजनता की सुनी समस्या



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- आमजनता की समस्याओं को सुनने एवं उसके निराकरण के लिए पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू ने पुलिस जनदर्शन का आयोजन सोमवार, 17 अक्टूबर को जिला पुलिस कार्यालय में किया। जनदर्शन में भटगांव क्षेत्र निवासी एक महिला ने घर में घुसकर मारपीट के मामले में आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही, थाना चंदौरा क्षेत्र निवासी एक महिला ने पति के द्वारा मानसिक रूप से प्रताड़ित करने, थाना सूरजपुर क्षेत्र निवासी एक महिला ने अपने गुमशुदा पति की खोजबीन करने तथा एक व्यक्ति ने घर में रखे सामान को जला देने संबंधी समस्या से अवगत कराया जो पुलिस अधीक्षक ने बड़े आत्मीयता के साथ शिकायतों को सुना और संबंधित थाना प्रभारियों का शिकायतों का जांच कर त्वरित वैधानिक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

इस दौरान डीएसपी मुख्यालय नंदिनी ठाकुर, रक्षित निरीक्षक भुपेन्द्र कुर्रे, निरीक्षक धर्मानंद शुक्ला, जावेद मियादाद व अनिता प्रभा मिंज मौजूद रहे।

# खबर प्रकाशन होने के बाद बिहारपुर क्षेत्र के 4 ग्राम पंचायतों में किया गया स्वास्थ्य शिविर का आयोजन,424 ग्रामीणों का किया गया स्वास्थ जांच




दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच प्रदेश

चांदनी बिहारपुर क्षेत्र में 3 दिनों में आधा दर्जन की मौत, मौत का कारण अज्ञात

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर-चांदनी बिहार पुर क्षेत्र में पिछले तीन-चार दिनों के भीतर अज्ञात कारणों से छह लोगों की मौत को लेकर हरिभूमि द्वारा प्रमुखता से खबर प्रकाशन किया गया था जिसमें जिला प्रशासन द्वारा आनन-फानन में चांदनी बिहारपुर क्षेत्र के 4 ग्राम पंचायतों में स्वास्थ्य शिविर लगाकर 424 ग्रामीणों का जांच कर उपचार किया गया ग्राम पंचायत अवंतिकापुर में 104 लोगों का स्वास्थ किया गया जिसमें 8 बुखार के मरीज 8 टीवी 5 चर्म 4 पेट दर्द 20 कमजोरी 27 बीपी 32 अन्य मरीज पाए गए वही ग्राम पंचायत महुली में 107 लोगों का स्वास्थ जांच किया गया जिसमें 36 बुखार के मरीज 17 टीवी 7 चर्म रोग 2 पेचिश 18 कमजोरी 11 शुगर 11 बीपी 4 अन्य बीमारी के मरीज पाए गए ग्राम पंचायत कोल्हुआ में 158 ग्रामीणों का स्वास्थ जांच किया गया जिसमें 13 बुखार के मरीज 7 टीवी 4 चर्म रोग 8 पेट दर्द 6 पेचिश 60 स्कूली बच्चों की जांच की गई 20 कमजोरी 40 अन्य बीमारियों की मरीज पाए गए। ग्राम पंचायत कुबेरपुर में 56 मरीजों का किया गया स्वास्थ जांच जिसमें 2 बुखार के मरीज 2 चर्म रोग क 1 पेचिश 1 उल्टी दस्त 24 कमजोरी 2 बीपी 24 अन्य मरीज पाए गए जिसमें स्वास्थ्य विभाग जिला स्तरीय टीम मलेरिया प्रभारी डॉ अजय मरकाम डॉ राजेश पैकरा डॉ विवेक सदन नाविक ब्लॉक स्तरीय टीम डॉ विजय सिंह बीएमओ सखनराम आयम बीपीएम वही समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिहारपुर के डॉक्टर शैलेंद्र अग्रहरि सावित्री सिंह नर्स सुपरवाइजर डीएन रवि शशिबाला टोप्पो एंबुलेंस ड्राइवर महेंद्र सिंह सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे

# सरपंच पर दुष्कर्म करने का अपराध दर्ज कर चाँदनी पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर-बिहारपुर-कान्तिपुर के सरपंच पर दुष्कर्म करने का अपराध दर्ज कर चाँदनी पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. पूर्व में सरपंच के आचरण से परेशान ग्रामिणों ने मोर्चा खोल ग्राम पंचायत में बैठक कर बहिष्कार किया गया था. पूरा मामला इस तरह है महिला के पति अन्य प्रदेश काम करने गये हुये थे 13 सितंम्बर को वह अपने बाड़ी सब्जी तोड रही थी इसी बीच सरपंच पहुच गया जहा पर उसने उसके साथ दुष्कर्म किया, विरोध हो हल्ला होने पर उसके ससूर और भसुर व जेठानी के पहुचने पर सरपंच भाग खडा हुआ. जब उसका पति 21 सितंम्बर को आने पर 24 सितंम्बर को पति के साथ पुलिस थाना अपराध दर्ज कराने पहुचे जहा पर अपराध दर्ज नही कर वापस भेज दिया.इसके बाद महिला पति संग पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुचकर न्याय की गुहार लगाई लेकिन वहाँ से निराशा मिलने पर उसने सरगुजा आईजी कार्यालय पहुँचकर आपबीती बताते हुए लिखित शिकायत कर न्याय की गुहार लगाने पर आखिरकार चाँदनी पुलिस ने जांच पड़ताल कर कान्तिपुर के सरपंच मनोहर सिंह पर धारा 376 के तहत अपराध दर्ज करते हुए गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. वहीं पूर्व में ग्राम पंचायत बिहारपुर सरपंच बाबूराम खेरवार 376 के आरोप में जेल गए हुए थे जहा बेल के बाद उनका जमानत पर घर आए थे और कुछ दिन बाद दूसरी महिला से दुष्कर्म के आरोप में दोबारा सूरजपुर जेल चले गए हैं जो अभी तक जेल में ही है

# Focus more on book, rather than on internet-Mr.Kapil Tegwal

N.Raj Sharma
KYUN NA LIKHUN SACH



Meerut-Focus more on book, rather than on internet,Jobs in CSE are available even from Nestle,and Cadbury Ltd. to universities and center of academia - Mr.Kapil Tegwal-Global Problem Manager ,British Telecom .CSE Department in IIMT Engineering College, Meerut organised a Fruitful seminar on the topic "Fructiferous Look- In For Career Opportunities and Growth Besides Conventional Jobs after B.Tech.It had been an initiative of Ms.Mukul Maurya. Seminar started with the Deep Prajjawalan by The Guest of the day Mr.Kapil and Hod CSE Rajeev Sharma along with his team.Senior students Nehal Bana and Divyanshu Dubey presented bouquet to the guest. Speaking in the seminar,Mr Kapil Tegwal ,speaker of the day emphasised that job market is available even in the companies like Nestle and Cadbury too.r,Mr Hemant Bhardwaj, Mr.Ashu Singh left no stone unturned to make seminar a success Director Sir, IIMT Engineering college (Aktu-127) Dr.Sanjeev Maheshwari blessed organisers and manager of Seminar and congratulated Prof.Rajeev Sharma to introduce these kind of technical Seminars for the welfare of branch students.

# पति पर अस्मत लूटने के आरोप पर कोतवाली में महिला ने खुद पर छिड़का केरोसिन, शांतिभंग की कार्रवाइ

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ- अलीगढ़ के खैर कोतवाली में सोमवार की देर शाम एक महिला ने मिट्टी का तेल छिड़ककर हंगामा किया। मामले में पुलिस ने तत्?काल महिला को हिरासत में ले लिया। महिला के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की गयी है। अलीगढ़। खैर कोतवाली परिसर में सोमवार की देर शाम हाईवोल्टेज ड्रामा देखने को मिला, जहां खुद एक महिला ने अपने पर मिट्टी का तेल छिड़ककर हंगामा शुरू कर दिया। ड्यूटी पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने सतर्कता दिखाते हुए महिला से तेल का डिब्बा छीनकर उसे हिरासत में ले लिया। बताया जा रहा है कि यह महिला पति पर दुष्कर्म के आरोप के मामले में तहरीर को वापस लेने का दबाव की कोशिश में थी। पुलिस ने महिला के खिलाफ शांति भंग की कार्यवाही की है।

## युवती ने लगाया दुष्कर्म का आरोप

बता दें कि कस्बा के एक मोहल्ला निवासी युवती ने मोहल्ले के पड़ोस में रहने वाले युवक पर कार में ले जाकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने युवती की शिकायत पर मामले की जांच शुरू कर दी थी। पुलिस ने पूछताछ के लिए एक युवक को रविवार की रात कोतवाली बुलाया था। महिला नाराज होकर पति को छोड़ने के लिए दबाव बना रही थी। हंगामा देख कोतवाली में भीड़ इकट्ठा हो गयी। पुलिस ने पीड़ित पक्ष को भी बुलाया था।

## भाई की हत्या की धमकी

पीड़ित युवती ने तहरीर में घटना 11 अक्टूबर की सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे की बताई और कहा कि टैम्पो से टेटीगांव अपने मामा के पास जा रही थी। वहां से पीड़ित युवती को आगरा पेपर देने जाना था। तभी रास्ते में भानेरा पुल के पास पीछे से आ रहे कस्बा निवासी एक युवक ने टैम्पो को रूकवा लिया और टैम्पो चालक एवं राहगीरों को गुमराह करके बोला कि यह लड़की नाराज होकर घर से चली आयी है। पीड़ित युवती ने युवक की बात का विरोध किया तो जबरन टैम्पो से उतार दिया और लाल रंग की कार में जबरन बिठाकर जंगल में ले गया था। वहां मारपीट करते हुए जबरदस्ती दुष्कर्म किया। दुष्कर्म करने के बाद युवक टेंटीगांव रोड़ पर छोड़ गया और धमकी दी कि यदि किसी को बताया तो तेरे भाई की हत्या करवा दूंगा।

## 14 अक्टूबर को पीड़िता घर लौटी

युवती टेंटीगांव अपने मामा के यहां पहुची और पेपर देकर घर लौट आयी, लेकिन भय व शर्म की वजह से घटना अपने मामा को नहीं बतायी । 14 अक्टूबर की सुबह कस्बा अपने घर वापस आयी। पूरा घटनाक्रम मां को बताया मां ने पड़ोसी युवक के घर युवती के साथ स्वजन से शिकायत की थी। दुष्कर्म की घटना के बारे में युवक के स्वजन को बताया तो युवक और उसकी पत्नी ने उल्टे युवती व उसकी मां के साथ मारपीट की थी।

## हंगामा करने वाली महिला के खिलाफ शांतिभंग की कार्वाई

पीड़िता इस मामले को लेकर शुक्रवार को मां के साथ कोतवाली पहुंची थी। कस्बा में यह मामला चर्चा में रहा इंस्पेक्टर धीरेन्द्र मोहन शर्मा ने बताया कि युवती अपनी मां के साथ कोतवाली में दुष्कर्म की शिकायत लेकर आयी थी। दूसरा पक्ष भी मारपीट का मामला लेकर कोतवाली में पहुंचा। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। वाली महिला के खिलाफ शांति भंग की कार्यवाही की है।

# स्नातक निर्वाचक नामावलियों के पुनरीक्षण के सम्बन्ध में बैठक सम्पन्न

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती- मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देशानुसार उत्तर प्रदेश, विधान परिषद के गोरखपुर-फैजाबाद खण्ड स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के पुनरीक्षण के सम्बन्ध में जिलाधिकारी/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (गोरखपुर-फैजाबाद खण्ड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र) श्रावस्ती नेहा प्रकाश की अध्यक्षता में जनपद के मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि अर्हता तिथि 01 नवम्बर, 2022 के आधार पर उत्तर प्रदेश, विधान परिषद के गोरखपुर-फैजाबाद खण्ड स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों में नाम सम्मिलित कराये जाने हेतु संशोधित फार्म-18 पर आवेदन पत्र 01 अक्टूबर, 2022 से 07 नवम्बर, 2022 तक प्राप्त किया जायेगा। आवेदक अर्हता तिथि 01 नवम्बर, 2022 से तीन वर्ष अर्थात 31 अक्टूबर, 2019 के पूर्व का स्नातक/समकक्ष होना आवश्यक है।उन्होने बताया कि प्रारूप-18 पर आवेदन अपने से सम्बन्धित तहसील अधिक्षेत्र के अन्तर्गत पदाभिहित अधिकारी/उप जिलाधिकारी भिनगा, इकौना एवं जमुनहा के कार्यालय में प्राप्त कराया जा सकता है। कोई भी पात्र व्यक्ति स्नातक निर्वाचक नामावली में नाम सम्मिलित किये जाने हेतु नियत फार्म-18 के साथ पासपोर्ट साइज का रंगीन यथास्थान फोटो चस्पा करते हुए अर्हता तिथि 01 नवम्बर, 2022 से तीन वर्ष अर्थात 31 अक्टूबर, 2019 के पूर्व का स्नातक अथवा समतुल्य अर्हता रखता हो, की स्वप्रमाणित फोटो प्रति सहायक पदाभिहीत अधिकारी जैसे-(क) तहसीलदार, (ख) सरकारी डिग्री कालेजो/इंटर कालेजों के प्रधानाचार्य, (ग) सरकारी महिला डिग्री कालेजो/इंटर कालेजों के प्रधानाचार्य, (घ) संयुक्त खण्ड विकास अधिकारी, (ड.)नगर पालिकाओं/नगर पंचायतों के कार्यपालक अधिकारी (राजपत्रित) और(च)समस्त राजपत्रित अधिकारी व नोटरी पब्लिक द्वारा विधिवत रूप से प्रमाणित अंक तालिका की प्रति एवं मतदाता फोटो पहचान पत्र की फोटो प्रति संलग्न करना होगा तथा स्वैच्छिक रूप से आधार संख्या अंकन करते हुए अपना और अपने परिवार का आवेदन डाक से अथवा सीधे जमा कर सकते है। गोरखपुर-फैजाबाद खण्ड स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन 23 नवम्बर, 2022 (बुधवार) को नियत स्थलों पर किया जायेगा। स्नातक निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन के पश्चात 23 नवम्बर, 2022 से 09 दिसम्बर, 2022 तक दावे/आपत्तियां प्राप्त की जायेगी। स्नातक निर्वाचक नामावलियों का अन्तिम प्रकाशन 30 दिसम्बर, 2022 (शुक्रवार) को किया जायेगा। रमन सिंह, राष्ट्रीय लोक दल के जिलाध्यक्ष राजकुमार ओझा, सपा के जिलाध्यक्ष सर्वजीत यादव, बसपा के कोषाध्यक्ष विनय कुमार त्रिपाठी, उपजिलाधिकारी क्रमशः भिनगा प्रवेन्द्र कुमार, इकौना रोहित, जमुनहा सौरभ शुक्ला, उपजिलाधिकारी आर0पी0 चौधरी, उपजिलाधिकारी आशुतोष, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी छेटेलाल, जिला विद्यालय निरीक्षक सन्त प्रकाश, प्रधान सहायक सुनील श्रीवास्तव, वरिष्ठ सहायक तुलसी रमण श्रीवास्तव, वरिष्ठ सहायक इम्तियाज अहमद सहित समस्त खण्ड विकास अधिकारीगण, जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट नहीं लिखने पर SSP से न्याय की गुहार लगाई

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ- हरदुआगंज- छेड़छाड़ पीड़िता शिकायत लेकर हरदुआगंज पुलिस के पास गयी तो पुलिस ने उन्हें घंटो थाने में बिठाये रखा और मारपीट और छेड़छाड़ करने के आरोपी को थाने में मेहमान की तरह घुमाया अलीगढ मीडिया डॉट कॉम, अलीगढ जनपद के हरदुआगंज इलाके के एक गांव में रविवार को महिला के साथ घर में घुसकर मारपीट और छेड़छाड़ पीड़िता की पुलिस द्वारा शिकायत दर्ज नहीं करने पर सोमवार को पीड़िता एसएसपी कार्यालय पहुंच गयी एसएसपी को दिए शिकायती पत्र में महिला ने आरोप लगाया है कि गांव का ही एक युवक काफी समय से उस पर बुरी नजर रखता है इसकी शिकायत उसने अपने पति से की तो वह उससे रंजिश मानने लगा। रविवार को समय सुबह करीब 10ः00 बजे की वह जब घर पर अकेली थी तो मौका पाकर आरोपी नागेंद्र उसके घर में घुस आया और उसके साथ बुरी नीयत से अश्लील हरकत करते छाती को पकड़ लिया। जब उसने शोर मचाया तो मौहल्ले के संजीव व अन्य बहुत से लोग मौके पर आ गये जिन्होंने मुझे बचाया और मेरे साथ विरोध करने पर नागेंद्र ने मेरे साथ घर के अन्दर मारपीट की जिससे मेरे सिर व कौहनी पर गम्भीर चोटें आई। जब मैंने अपने पति को उक्त घटना के बारे में बताया कि मेरे साथ नरेन्द्र ने उक्त घटना की है तो सूचना पर मेरे पति घर पर आये और आकर उक्त नरेन्द्र के पिता से घटना की बावत शिकायत की तो आरोपी और उसके पिता आदि ने उसके पति व जिठानी के साथ भी लात घूसों से मारपीट की और जान से मारने की धमकी देने दी घटना की रिपोर्ट करने थाना हरदुआगंज गये तो वहां हमारी कोई रिपोर्ट नहीं लिखी और नही कोई डाक्टरी कराई। शिकायती पत्र में कहा है कि इलाके के दरोगा अरविन्द यादव ने पीड़िता के पति व जेठ आदि का धारा 151 सी0आर0पी0सी0 के अन्तर्गत चालान कर दिया फिलहाल एसएसपी ने मामले में जाँच कर कार्रवाई करने के आदेश दिए है

## ये था मामला

साधुआश्रम पुलिस चौकी अधीन सफ़ेदपुरा गांव में एक किसान के खेत में दबंगो ने अपने खेत का पानी निकाल दिया, जिससे उसकी फसल पानी में डूबकर खराब हो रही है पीड़ित किसान ने दबंगो से पानी को अपने खेत में छोड़ने पर विरोध जताया तो मारपीट कर धमकी दे डाली7 जिसकी शिकायत रविवार सुबह पुलिस कट्रोम रूम 112 पर की गयी मौके पर पहुंची पुलिस ने पीड़ित किसान को थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराने की सलाह देकर इतिश्री कर ली 112 नम्बर की पुलिस टीम की सलाह पर पीड़ित किसान हरदुआगंज पुलिस को लिखित शिकायत लेकर पंहुचा शिकायत पर जाँच करने पुलिस ने आरोपियों को ऐसी घुट्टी पिलाई कि पुलिस को जाते ही आरोपियों ने शिकायतकर्ता के घर पर धावा बोल दिया घर की महिलाओं को दबंगो ने बेरहमी से पीट दिया, और बुरी नीयत से छेड़छाड़ कर दी मारपीट में घायल महिलाये अपनी शिकायत लेकर हरदुआगंज पुलिस के पास गयी तो पुलिस ने उन्हें घंटो थाने में बिठाये रखा और मारपीट और छेड़छाड़ करने के आरोपी को थाने में मेहमान की तरह घुमाया कुछ देर बाद पुलिस ने पीड़िता के ही परिजनों को 151 सीआरपीसी की धाराओं में कार्रवाई कर दी

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

## योजना राजीव किसान न्याय योजना और, राजीव युवा मितान योजना मील का पत्थर साबित हो रहा है -वीरेंद्र सिंह बघेल

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



छत्तीसगढ़ - कांग्रेस प्रवक्ता वीरेंद्र सिंह बघेल ने कहा की। छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वपूर्ण योजना राजीव किसान न्याय योजना और राजीव युवा मितान योजना मील का पत्थर साबित हो रहा , आज देश में खेती किसानी पर निर्भर रहने वाले किसानों की संख्या 50 प्रतिशत से भी ज्यादा है. ऐसे में किसानों की आय बढ़ाने और उनका जीवनस्तर सुधारने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार की तरफ से मदद भी की जा रही है और अपनी योजनाओं से लाभ भी दिया जा रहा है ,छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार ने किसानों की समृद्धि के नए प्रतिमान स्थापित किए हैं। राजीव गांधी के सामने आई योजना के तहत दी जा रही इनपुट सब्सिडी को मिलाकर किसानों के धान का दाम विगत वर्ष 2540 और 2560 रुपए मिला जो वर्तमान खरीफ़ सीजन में बढ़कर 2640 और 2660 रुपए प्रति क्विंटल हो जाएगा। छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार देश की एकलौती सरकार है जो अपने किए गए वादे से अधिक और पूरे देश में सर्वाधिक धान की कीमत किसानों को दे रही है। आगे उन्होंने कहा की पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी के युवा भारत के सपने को साकार करने के लिये छत्तीसगढ़ राज्य में राजीव युवा मितान क्लब योजना की शुरुआत की गई है। इसका उद्देश्य राज्य की युवा प्रतिभाओं को तराशना, उन्हें संगठित करते हुए उपयुक्त मंच प्रदान करना तथा उनकी ऊर्जा का उपयोग नवा छत्तीसगढ़ गढ़ने में करना है। युवा शक्ति, राज्य के विकास के लिये महत्वपूर्ण पूंजी है।

राज्य की युवा शक्ति को संगठित करने और उन्हें रचनात्मक कार्यों से जोड़ने का यह क्रांतिकारी कार्यक्रम है। युवाओं के माध्यम से छत्तीसगढ़ की संस्कृति, पर्यावरण, खेल को आगे बढ़ाने तथा जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने और लोगों को इसका लाभ दिलाने में मदद मिलेगी।

## एक अफगानी नागरिक सहित तीन गिरफ्तार

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती- श्रावस्ती थाना सिरसिया पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर थाना सिरसिया क्षेत्र के ग्राम गुलरा परसौना के पास से एक अफगानी नागरिक सहित 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस टीम चेकिंग हेतु निकली हुई थी तभी मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि तीन संदिग्ध व्यक्ति गुलरा परसोहना पास खड़े हुए हैं। जिस पर कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान पर पहुंची तो पुलिस को देखकर तीनों व्यक्ति भागने लगे जिन्हें टीम द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया। पकड़े गए व्यक्तियों से उनका नाम पता पूछा गया तो एक ने अपना नाम इमरान सामी सफी पुत्र रहमानुद्दीन ग्राम कुनार मोहल्ला तलाशी चौक जोर धर्मशाला जलालाबाद अफ़गानिस्तान तथा दूसरे ने अपना नाम रहमत अली उर्फ शकील पुत्र शौकत अली निवासी हेमपुर थाना सिरसिया जनपद श्रावस्ती तथा तीसरे ने अपना नाम नरेंद्र पाल सिंह पुत्र गुरमीत सिंह निवासी लोहारिया थाना मच्छीवाड़ा जनपद लुधियाना राज्य पंजाब बताया गया।अफगानी नागरिक से और अधिक पूछताछ की गई तो पता चला कि यह टूरिस्ट वीजा पर यहां ( भारत ) आया था वीजा समाप्त हो गया था, साथ में यह भी बताया कि हम तीनों मित्र हैं और ग्राम हेमपुर रहमत अली के घर आए थे। तलाशी के दौरान इमरान के पास से एक एंड्रॉयड फोन व नरेंद्र पाल के पास से एक एंड्रॉयड फोन तथा रहमत अली के पास से एक एंड्रॉयड फोन जिसका मिला। उन्हीं के वहां दिनांक 14 अक्टूबर 2022 को अपने एक और मित्र नरेंद्र पाल सिंह के साथ आया था।

## खराब सड़कों की मरम्मत, नवीनीकरण एवं मजबूतीकरण के लिए तत्काल कार्य प्रारंभ करने के निर्देश

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



छत्तीसगढ़ - धान खरीदी के लिए उपार्जन केंद्रों में सभी आवश्यक तैयारी पूर्ण कराने नोडल अधिकारियों को निर्देश छत्तीसगढ़िया ओलंपिक की संपूर्ण जानकारी करें संधारित त्यौहारी सीजन में अमानक मिठाई एवं खाद्य पदार्थों की बिक्री पर रखें नजर कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय सीमा की बैठक मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के निर्देशानुसार कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में लोक निर्माण विभाग द्वारा और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत जिले में खराब सड़कों की मरम्मत, नवीनीकरण एवं मजबूतीकरण के लिए तत्काल कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने समय सीमा में निराकृत जनसमस्याओं-जनशिकायतों की विभागवार समीक्षा की। उन्होने चिन्हित गौठानों में स्वीकृत रीपा के लिए तकनीकी स्वीकृति जारी करने, सभी गौठानों में अद्योसंरचना तैयार करने तथा बड़े किसानों से एवं विभिन्न विभागों से गौठानो में निर्मित वर्मी कम्पोस्ट का उठाव कराने के निर्देश दिए। उन्होने जल जीवन मिशन के तहत सभी स्कूलों, आश्रमों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में पाइप लाइन का विस्तार एवं पानी टंकी लगवाने, बाल संदर्भ शिविरों में गंभीर कुपोषित बच्चों की जांच एवं उपचार कराने, शासकीय कार्यालयों के उपयोग हेतु सी-मार्ट से शतप्रतिशत खरीदी करने, अधिक से अधिक किसानों को रबि फसल के लिए प्रेरित करने, स्कूलों में संचालित पुस्तकालयों में समग्र शिक्षा की किताबे रखवाने, हाट बजारों में शेड निर्माण आदि के निर्देश दिए। बैठक में परियोजना निदेशक डीआरडीए श्री आर के खूंटे सहित जिला अधिकारी उपस्थित थे।

## प्रधानमन्त्री मत्स्य सम्पदा योजनान्तर्गत मत्स्य संरक्षण हेतु रिवर रैंचिंग कार्यक्रम संपन्न

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती-प्रधानमन्त्री मत्स्य सम्पदा योजनान्तर्गत प्रदेश की नदियों में मत्स्य संरक्षण हेतु रिवर रैंचिंग कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। उक्त के अन्तर्गत जनपद श्रावस्ती को 80-100 एम0एम0 आकार की 3 लाख मत्स्य अंगुलिकाओं को नदियों में संचय का लक्ष्य आवंटित किया गया था। जिसके क्रम में आज विधायक रामफेरन पाण्डेय की उपस्थिति में भंगहा मोड़ के पास राप्ती नदी के पुल के तटबन्ध पर सम्पन्न किया गया, जिसमें 2.16 लाख मत्स्य अगुलिकायें संचित की गयी।इस अवसर पर विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार जन-जन को आत्मनिर्भर बनाने हेतु प्रतिबद्ध है। जिले में मत्स्य उद्योग की अपार संभावनाएं और व्यापक क्षेत्र हैं, जिनका समुचित रूप से नियोजन करने से जिले में मत्स्य व्यापार से संबंधित लोगों को लाभान्वित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना सहित शासन द्वारा मत्स्य से संबंधित संचालित योजनाओं का व्यापक रूप से प्रचार प्रसार करें और मत्स्य व्यापार एवं उद्योग के विभिन्न क्षेत्रों की जानकारी उपलब्ध कराएं, ताकि लोग प्रेरित हो कर स्वरोजगार प्राप्त कर सकें। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी इकौना रोहित यादव , जिलाध्यक्ष निषाद पार्टी रामनरेश निषाद, ब्लाक प्रमुख गिलौला प्रतिनिधि प्रकाश चन्द्र, ग्राम प्रधान तिलकपुर आशुतोष सिंह, पूर्व महामंत्री भा0जा0पा0 रणवीर सिंह, पंकज सिंह, जिला पंचायत प्रतिनिधि, विनयकुमार तिवारी ( विन्नू तिवारी ) अपर मुख्य अधिकारी, मत्स्य निरीक्षक राजकुमार गोंड, कनिष्ठ सहायक अमित कुमार गौड़ एवं मछुआ समुदाय के व्यक्ति उपस्थित रहे।

## ईडी के प्रेस नोट ने खोली छत्तीसगढ़ में भ्रष्टाचार की पोल, मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल पद पर बने रहने का नैतिक अधिकार खो चुके है- कन्हैया सिंह राठौर

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




छत्तीसगढ़ - भारतीय जनता पार्टी जिला गौरेला पेण्ड्रा मरवाही कार्यालय में आज छत्तीसगढ़ प्रदेश में पड़े श्ष्ठ के छापे के सम्बन्ध में प्रेस वार्ता आयोजित की गयी नकद, ज्वेलरी और भ्रष्टाचार के सारे सबूत मिलने के बाद भी कांग्रेस द्वारा अधिकारियों की पैरवी छत्तीसगढ़ के इतिहास का काला अध्याय छत्तीसगढ़ में ईडी के छापों एवं ईडी द्वारा जारी किए गए प्रेस नोट के उपरांत प्रेस को करते हुए कहा कि ईडी के प्रेस नोट ने छत्तीसगढ़ में हो रहे बड़े भ्रष्टाचार के रैकेट की पोल खोल दी है। हम सब ने कभी सोचा भी नहीं था कि कांग्रेस के शासन में छत्तीसगढ़ में छत्तीसगढ़ के आदिवासियों, का किसानों का आम जनता का मेहनत का पैसा, भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ाया जाएगा। एक तरफ सरकारी योजनाओं को देने के लिए सरकार के पास पैसे नहीं है और दूसरी तरफ छत्तीसगढ़ में सरकारी संरक्षण में भ्रष्टाचार ने अपनी सारी से सीमाएं लांघ दी है। यह छत्तीसगढ़ के इतिहास के लिए एक काला अध्याय है। तलाशी एवं जांच के दौरान श्री लक्ष्मीकांत तिवारी के पास से 1.5 करोड़ रुपये नकद बरामद किया गया। उसने स्वीकार किया है कि वह रोजाना 1-2 करोड़ की जबरन वसूली करता था। जिन अधिकारियों की शिकायत को आधार बनाकर मुख्यमंत्री जी ईडी पर कार्रवाई की बात कर रहे हैं उनके घर 47 लाख रुपये की बेहिसाब नकदी और 4 किलो के सोने के आभूषण पाए गए। जरा मुख्यमंत्री जी और सरकार बताए अधिकारियों के पास इतने पैसे और सोना मिलने पर उन्हें आश्चर्य क्यों नहीं हुआ।